

# जीएमसी में ग्रीन एंड क्लीन परिसर अभियान शुरू

### डॉक्टर्स डे

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 1 जुलाई. डॉक्टर्स डे के अवसर पर बुधवार को गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसी) में चिकित्सकों के सम्मान, मानसिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सक कल्याण को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि डॉ. भानु दुबे की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. तृप्ति सक्सेना के स्वागत उद्बोधन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ.**

डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने चिकित्सकों के मानसिक स्वास्थ्य, कार्य-जीवन संतुलन और आत्म-देखभाल को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शेयर एंड केयर तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए मेंटर- मेंटी कार्यक्रम शुरू किए गए हैं. उन्होंने अधोसंरचना विकास, बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान को सशक्त बनाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि महाविद्यालय की एमईयू और एमआरयू ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं. इस अवसर पर डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने ग्रीन एवं क्लीन जीएमसी परिसर अभियान का शुभारंभ किया. सभी चिकित्सकों, संकाय सदस्यों, रेजिडेंट्स, विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित परिसर बनाए रखने की शपथ ली. कार्यक्रम में एमबीबीएस विद्यार्थियों ने हीलिंग हार्मनी समूहगान और बिहाइंड द मास्क: हू हील्स द हीलर नाटक की प्रस्तुति दी. मुख्य अतिथि डॉ. दुबे ने चिकित्सकों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला बताया. माउंट आबू से आए बीके कमल ने तनाव प्रबंधन पर प्रेरक व्याख्यान दिया.

### त्वचा दान के लिए किया जागरूक

डॉक्टर्स डे पर गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हमीदिया अस्पताल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने त्वचा दान-जागरुकता बढ़ाएं, जीवन बचाएं विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की. प्रो. डॉ. अरुण भटनागर एवं प्रो. डॉ. आनंद गौतम के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में डीन डॉ. कविता एन. सिंह और अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने त्वचा दान को गंभीर रूप से झुलसे मरीजों के उपचार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया. प्रतियोगिता में विद्यार्थियों, रेजिडेंट्स, नर्सिंग स्टाफ व स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया.

# श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा

▸ पंचकल्याणक महोत्सव का पांचवां दिन

निज संवाददाता

**भोपाल, 1 जुलाई. जवाहर चौक स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के पांचवें दिन बुधवार को केवलज्ञान कल्याणक महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया. सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला शुरू हुई. पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन और तप कल्याणक पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और धर्मलाभ लिया.**

इसके बाद नवदीक्षित मुनिराज की आहारचर्या और भगवान आदिनाथ के प्रथम आहार प्रसंग का जीवंत मंचन किया गया. मंचन में दिखाया गया कि दीक्षा के बाद भगवान आदिनाथ लंबे समय तक कठोर तप में लीन रहे, लेकिन उस समय समाज को मुनियों को आहार देने की विधि का ज्ञान नहीं था. अंतत: राजा श्रेयांस को पूर्व जन्म का स्मरण हुआ और उन्होंने भगवान को इक्षुरस अर्पित कर प्रथम आहार कराया. इस भावपूर्ण दृश्य के दौरान पूरा पंडाल जयघोषों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो गए.



> प्रवचन में मुनिश्री संभवसागर ने बताया कि भगवान आदिनाथ ने दीक्षा से पहले मानव समाज को असी, मसी, कृषि, विद्या और वाणिज्य जैसी जीवन उपयोगी विधाओं का ज्ञान दिया था. उन्होंने संयम, तप और आहार मर्यादा के महत्व को सरल शब्दों में समझाया. साथ ही चार हजार राजाओं के भगवान के साथ दीक्षित होने और कठोर साधना करने का प्रसंग भी सुनाया गया, जिसने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया.महोत्सव में भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए .पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और धर्ममय वातावरण बना रहा.

## हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों का कमाल

### हड्डी बनाकर मरीज को कर दिया खड़ा

एक सड़क दुर्घटना में शंकर के पैर की करीब 15 सेंटीमीटर हड्डी पूरी तरह नष्ट हो गई. परिजनों को डर था कि शायद अब वह कभी अपने पैरों पर खड़े नहीं हो पाएंगे. लेकिन हमीदिया अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञों ने अत्याधुनिक इलिज़ारोव तकनीक से हड्डी का पुनर्निर्माण किया, उपचार के बाद शंकर आज बिना सहारे चल-फिर रहे हैं, हमीदिया अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञों का कहना है कि अस्पताल में बोन लॉस, हड्डियों के गंभीर संक्रमण और जटिल फ्रैक्चर जैसे चुनौतीपूर्ण मामलों का आधुनिक तकनीकों से सफल उपचार किया जा रहा है.

### गंभीर बीमारी से जूझ रहे दो बच्चों को दी नई जिंदगी



हमीदिया अस्पताल के शिशु विभाग ने गंभीर रूप से बीमार दो बच्चों को नया जीवन दिया है. 12 वर्षीय अक्षत को श्वांस लेने में तकलीफ थी. उसे इंट्रावीनस इम्यूनोग्लोबुलिन उपचार गया. 7 दिन तक मैकेनिकल वेंटिलेशन पर रहने के बाद वह स्वस्थ हो गया. वहीं, 13 वर्षीय अभिनव को निगलने में कठिनाई हो रही थी. तीन माह तक चले उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ. अब उसे छुट्टी के लिए तैयार है. दोनों का उपचार डॉ. मंजूषा गोयल, डॉ. राजेश टिक्कस एवं विशेषज्ञ टीम की देखरेख में किया गया.

# सकारात्मक विचार से ही समाज में बदलाव

▸ स्व-सशक्तिकरण अभियान का समापन

निज संवाददाता

**भोपाल, 1 जुलाई. नीलबड़ क्षेत्र में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित तीन दिनी आत्म-जागृति, स्व-सशक्तिकरण अभियान का बुधवार को समापन हुआ. इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों के बीच राजयोग मेडिटेशन और जीवन मूल्यों पर आधारित सत्र आयोजित किए गए.**

अभियान के तहत नीलबड़ स्थित एसएसबी परिसर में आईटीबीपी के अधिकारियों और जवानों के लिए विशेष सत्र आयोजित हुआ.

इसमें विश्वविद्यालय, स्कूल, मेडिकल कॉलेज, होमगार्ड कार्यालय और अन्य संस्थान शामिल रहे. वक्ताओं ने कहा कि मजबूत राष्ट्र की शुरुआत व्यक्ति के सशक्त मन से होती है. जब विचार सकारात्मक और कर्म श्रेष्ठ होते हैं, तो समाज में स्वत: सकारात्मक बदलाव आता है. उन्होंने बताया कि राजयोग मेडिटेशन से मन शांत रहता है और व्यक्ति हर परिस्थिति में बेहतर निर्णय ले पाता है.



### अमर शहीद बीरबल ढालिया को पुष्पांजलि

**भोपाल.** अमर शहीद बीरबल ढालिया के 81वें बलिदान दिवस पर बुधवार को शहीद गेट पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शहीद बीरबल जी के चित्र पर ओम प्रकाश बोराना, पृथ्वीराज चौहान, अशोक सांकले व समाजजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रभक्ति, समाज सेवा और शहीदों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया. सेवा भारती नानक मंडल द्वारा जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन और बैरागढ़ के मरी माता मंदिर में राहगीरों एवं श्रद्धालुओं के लिए शरबत वितरण किया गया.

## एक नजर में



### आयुर्वेद महाविद्यालय में पल्स पोलियो टीकाकरण

**भोपाल, 1 जुलाई.** राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण दिवस के तहत खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में प्रधानाचार्य डॉ. उमेश शुक्ला के मार्गदर्शन एवं चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. हरीप्रकाश शर्मा के संरक्षण में तीन दिवसीय अभियान में कुल 56 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया. साथ ही अभिभावकों को पल्स पोलियो अभियान, नियमित टीकाकरण के महत्व एवं बच्चों को निर्धारित समयानुसार सभी टीके लगवाने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम का संचालन टीकाकरण प्रभारी डॉ. नीता सिंह के निर्देशन में किया गया.

### आईसेक्ट इंडिया को एआई साक्षरता का राष्ट्रीय अवॉर्ड

**भोपाल, 1 जुलाई.** देशभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए आईसेक्ट इंडिया को भारत सीएसआर सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स 2026 में 'एआई लिटरेसी एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान महाप्रबंधक अभिषेक गुप्ता और प्रबंधक मुकेश कुमार ने प्राप्त किया. संस्था के मुताबिक यह सम्मान एआई शिक्षा को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक पहुंचाने तथा डिजिटल कौशल बढ़ाने के काम को देखते हुए दिया गया. संस्था ने बताया कि अब तक 1.80 लाख से अधिक लोगों को एआई से जुड़े प्रशिक्षण और डिजिटल कौशल कार्यक्रमों से जोड़ा जा चुका है. इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों तक पहुंच बनाने के साथ मोबाइल प्रशिक्षण मॉडल और विभिन्न संस्थाओं के सहयोग का भी उपयोग किया गया. आईसेक्ट इंडिया के अनुसार संस्था ने वर्ष 2030 तक एक करोड़ लोगों को एआई साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा है. इसी उद्देश्य से पांच एआई कौशल रथ शुरू किए गए हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर विद्यार्थियों और युवाओं को एआई की बुनियादी जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहे हैं. संस्था के मुताबिक यूनिसेफ के 'पासपोर्ट टू अर्निंग' कार्यक्रम के तहत 1.25 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया.

## नगर में आज

**पंचकल्याणक महोत्सव का समापन**

**समय-** सुबह 7 बजे से, **स्थान-** पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जवाहर चौक

**गायन समारोह**

**समय-** शाम 7 बजे, **स्थान:** भारत भवन

# संगठन के हर कार्यक्रम को सफल बनाएं : यति

**भोपाल, 1 जुलाई. भाजपा भोपाल नगर की बैठक बुधवार को पंडित दीनदयाल परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय के मीडिया सेंटर में जिला अध्यक्ष रविंद्र यति की अध्यक्षता में हुई. बैठक में आगामी कार्यकर्ता सम्मेलन, बूथ स्तर पर चल रहे डिजिटल प्रशिक्षण अभियान तथा 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई.**


बैठक में जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने बताया कि राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई. साथ ही बूथ स्तर पर चल रहे डिजिटल प्रशिक्षण अभियान की प्रगति तथा 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई.



> उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ सफल बनाया जाए. बैठक में जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाड़ा, जिला महामंत्री मुकेश राय, चेतन भार्गव, प्रदीप शेखावत, कार्यक्रम टोली संयोजक राजकुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे.

### ओपन कराटे में कुशाग्र ने जीते दो स्वर्ण

**भोपाल, 1 जुलाई (खेल प्रतिनिधि).** अरेरा कॉलोनी स्थित कैंपियन स्कूल के 12 वर्षीय छात्र कुशाग्र मेह ने मुंबई में आयोजित 31वीं यूरो एशिया इंटरनेशनल (डब्लूएफएसकेओ) ओपन कराटे चैंपियनशिप 2026 में दो स्वर्ण पदक जीते हैं. नौवीं कक्षा के छात्र कुशाग्र ने 12 वर्ष के बॉयज वर्ग की कुमिते और काता दोनों स्पर्धाओं में पहला स्थान हासिल किया. उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट भी दिया गया. प्रतियोगिता का आयोजन वर्ल्ड फुनाकोशी शोतोकान कराटे ऑर्गेनाइजेशन(डब्लूएफएसकेओ) ने मुंबई के मुलुंड वेस्ट स्थित प्रियदर्शिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया था.



## सीएम डॉ. यादव ने किया 'लोकमाता अहिल्याबाई' पुस्तक का विमोचन

**भोपाल, 1 जुलाई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'लोकमाता अहिल्याबाई' पुस्तक का विमोचन किया. पिछले वर्ष एनआईटीटीटीआर, भोपाल में 'लोकमाता अहिल्याबाई : राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना' विषय पर अखिल भारतीय शोध सम्मेलन का आयोजन किया गया था. इस सम्मेलन में विद्वानों ने शोध प्रस्तुत किए थे.

उक्त सम्मेलन में प्रस्तुत चयनित शोधपत्रों को संकलित कर मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा 'लोकमाता अहिल्याबाई' शीर्षक से पुस्तक प्रकाशित की गई है.



## दूसरा जत्था अमरनाथ रवाना

**भोपाल, 1 जुलाई.** बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए राजधानी से अमरनाथ यात्रियों का दूसरा जत्था रवाना हुआ. ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस जत्थे में 41 श्रद्धालु शामिल हैं. उन्होंने बताया कि 121 श्रद्धालुओं का पहला जत्था सोमवार को रवाना हुआ था. अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 28 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी.

### टेंट व्यापारियों ने हिंदी भवन परिसर में रोपे पौधे


**भोपाल.** भोपाल टेंट लाइट केटर्स एसोसिएशन के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए बुधवार को पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित हिंदी भवन परिसर में पौधारोपण किया गया. इस दौरान फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा, संयोजक कोर कमेटी रामबाबू शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय जैन, भोपाल टेंट लाइट केटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वदेश सोनी, महासचिव योगेश श्रीवास्तव, प्रभात सोनी, विश्वबंधु सोनी, महेश यादव, कैलाश राठोर, विशाल शर्मा, सुनील शाह,डी.आर.सिंह, राजकुमार माहेश्वरी, संदीप शर्मा,तरुण चतुर्वेदी, यशपाल छावड़ा आदि सदस्य उपस्थित रहे.

### एम्स में सुश्रुत कॉमन एंडोट्रेनर फैसिलिटी शुरू

**भोपाल.** एम्स भोपाल में अत्याधुनिक सुश्रुत कॉमन एंडोट्रेनर फैसिलिटी का उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य सर्जिकल प्रशिक्षण को अधिक व्यावहारिक, सुरक्षित और तकनीक-सक्षम बनाना है. इस सुविधा का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार महापात्र ने किया .इस फैसिलिटी को आधुनिक सर्जिकल शिक्षा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है. इसमें मोटराइज्ड एंडोट्रेनर सिम्युलेटर, नॉटिंग एवं स्यूचरिंग किट तथा वैस्कुलर एनास्टोमोसिस किट जैसी उन्नत प्रशिक्षण प्रणालियां शामिल हैं.

## अंडर-23 मध्यप्रदेश कुश्ती टीम का ऐलान

**भोपाल.** रोहतक (हरियाणा) में 10 से 12 जुलाई तक होने वाली राष्ट्रीय अंडर-23 कुश्ती चैंपियनशिप के लिए मप्र की पुरुष और महिला टीम घोषित कर दी गई है. खिलाड़ियों का चयन उज्जैन के अच्युतानंद गुरु अखाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया. मप्र कुश्ती संघ के अनुसार फ्रीस्टाइल में अभिषेक यादव, आयुष सोनकर, निश्चित जायसवाल, शिवम यादव और देव यादव सहित 10 पहलवानों को जगह मिली है. ग्रीको-रोमन टीम में शिवम गौरव, मृत्युंजय तिवारी, नमन चौहान, युवराज पाल और मोक्ष चतुर्वेदी समेत 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ है. महिला वर्ग में प्रियांशी प्रजापत, माधुरी पटेल, शिवानी शर्मा, रेखा जाट, काजल रजक, अंजलि करोसिया, अनुष्का शिवहरे और कशिश वर्मा सहित 10 महिला पहलवान शामिल हैं.







आध्यात्म | आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास ने आयोजित की व्याख्यानमाला

# आत्मज्ञान में तीन मानसिक बाधाएं : शक्तिशरणानंद

**भोपाल, 1 जुलाई. आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास की 92वीं शंकर व्याख्यानमाला में बुधवार को 74 बंगला स्थित वेदांत साधना केंद्र में आत्मज्ञान के रास्ते में आने वाली मानसिक रुकावटों पर चर्चा हुई.**

इस दौरान स्वामी शक्तिशरणानंद पुरी ने 'मल, विक्षेप और आवरण' विषय को आसान भाषा में समझाया. उन्होंने कहा कि जब तक मन साफ और शांत नहीं होगा, तब तक आत्मसाक्षात्कार संभव नहीं है.

स्वामी ने बताया कि मन में मौजूद काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसी बुराइयों को 'मल' कहा जाता है. इनके प्रभाव को कम करने के लिए निष्काम कर्म और सेवा का रास्ता अपनाना चाहिए. उन्होंने कहा कि मन का बार-बार इधर-उधर भटकना 'विक्षेप' यानि चंचलता है, जिसे ध्यान, उपासना और नियमित अभ्यास से नियंत्रित किया जा सकता है.



> उन्होंने कहा कि मन शांत होने के बाद भी अज्ञान का पर्दा बना रह सकता है. इसे वेदांत के अध्ययन, मनन और लगातार चिंतन से हटाया जा सकता है. इस बात को समझाने के लिए उन्होंने रज्जु-सर्प का उदाहरण भी दिया. आयोजकों के अनुसार व्याख्यानमाला का उद्देश्य वेदांत और भारतीय दर्शन के विचारों को आम लोगों तक सरल भाषा में पहुंचाना है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और अंत में श्रोताओं के सवालों के भी जवाब दिए गए.